हम तो तेरे दीवाने हो गए बांके बिहारी

कान्हा तेरी किरपा तेरी किरपा की चाह आ जाओ मेरा हाथ पकड़ लो मुझको दिखाओ राह

हम तो तेरे दीवाने हो गए बांके बिहारी
इक नजर किरपा की करदे मेरे कृष्ण मुरारी

जाने कितने हुए दीवाने मोहन तेरी कृपा के
लाखो करोडो भक्त तर गए श्याम तेरी दया से
मुझ पर भी किरपा अब कर दो मीरा के गिरधारी
इक नजर किरपा की करदे मेरे कृष्ण मुरारी

जब जब राधे श्याम तुम्हारा होता मुझको दर्शन आनंद मिलता है खुश होता तब तब मेरा मन
अब देदो दर्शन मुझको मैंने छोड़ दी दुनिया दारी
इक नजर किरपा की करदे मेरे कृष्ण मुरारी

लेके नाम तुम्हारा मेरे सारे काम हो जाए
तेरी किरपा हो जाए तो मेरे अच्छे दिन आये
मेरी अब विनती सुन लो मैंने कर ली तुम से यारी
इक नजर किरपा की करदे मेरे कृष्ण मुरारी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21509/title/hum-to-tere-deewane-ho-gaye-banke-bihari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |